खबर संक्षेप

## 19 को प्रदेशभर में प्रदर्शन करेगी आशा वर्कर्स

**करनाल।** प्रदेशभर की 20 हजार आशा वर्करों ने एलान किया है कि यदि 18 दिसंबर तक विभाग ने 5 महीने का मानदेय खाते में नहीं डाला तो 19 दिसंबर को पूरे प्रदेश में सिविल सर्जन कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किए जाएंगे। करनाल जिला प्रधान कविता, सचिव सुदेश रानी उपप्रधान नीरू ने बताया कि 8 अगस्त 2023 से 19 अक्टूबर 2023 तक मजबूरन 73 दिन की हड़ताल आशा वर्करो की हड़ताल के दौरान लंबे समय तक सरकार द्वारा आंदोलन को अनदेखा किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय मिलेट के अंतर्गत समारोह आज से

**करनाल।** कृषि एवं किसान



कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में एनएफएसएम 2023-24 के अंतर्गत शनिवार 16 दिसम्बर को नीलोखेड़ी की अनाज मंडी में तथा रविवार 17 दिसंबर को इंद्री अनाज मंडी में प्रातः11 बजे जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह में जिला करनाल से संबंधित खण्ड के लगभग 500-500 किसान हिस्सा लेगें।

## पुण्यतिथि पर सरदार पटेल को किया नमन

**लाडवा।** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा में स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य, शिक्षकों और छात्रों द्वारा लोहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि 15 दिसम्बर, पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय प्रबंधन के प्रधान पवन गर्ग ने कहा कि अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति, लोहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल आधुनिक भारत की एकता के शिल्पकार थे।

# विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों पर हरियाणा सरकार कसेगी शिकंजा

- हरियाणा में अनाधिकृत इमीग्रेशन एजेंटों की भरमार, प्रति दिन दर्ज हो रहे है धोखाधड़ी के मामले
- सरकार इस सत्र में ला सकती हैं विधेयक ,दंडात्म कानून बनाने वाला हरियाणा हो सकता है पहला राज्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा सरकार विदेशों में स्टडी, नौकरी, और विजिट करने के लिए जाने वाले वद्यिार्थियों को ठगी से बचाने तथा इस क्षेत्र में लगे गलत लोगों को रोकने के लिए शीतकालीन सत्र में विधेयक लाने जा रही हैं। इस मुद्दे को सबसे पहले कनाडा में मान्यता प्राप्त इमीग्रेशन एटार्नी अरविंद कादियान के माध्यम से उठाया था। वहीं पर बताया गया कि इमीग्रेशन सर्विसेज, स्टडी वीजा, विजिटर बीजा तथा अन्य सेवाओं के लिए लाइसैंस भारत सरकार या कोई राज्य की आथर्टी जारी नहीं कर सकती हैं। इसके लिए संबंधित देश का विदेश मंत्रालय तथा वहां की आथर्टी ही लाइसैंस जारी कर सकती हैं। यदि कोई इसके बिना ऐसी सर्विसेज को संचालित करता है तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का भी प्रावधान हैं। हरियाणा सरकार इस मामले में लाए जाने वाले विधेयक में क्या प्रावधान करती हैं।

सरकार इमीग्रेशन एजेंट के लिए क्या आहर्ता तय करतीहै। नियमानुसार तो इमीग्रेशन एजेंसी के लिए लाइसेंस संबंधित देश की सरकार जारी करती हैं। यदि यह शर्त सरकार लगा देती हैं। तो युवा ठगी से बच जाएंगे। अभी तक भारत सरकार ने इमीग्रेशन पालिसी जो बनाई हैं। वह केवल कामगारों के लिए वर्क परमिट जारी करने का रजर्स्ट्रेशन जारी करने तक ही ही सीमित है। इस तरह की जानकारी भारतीय विदेश मंत्रालय ने आर.टी.आई के जवाब में दी है। साथ ही विदेश मंत्रालय ने कहा कि ना तो जिला ना ही राज्य और ना ही केंद्र सरकार को इस तरह के लाइसेंस जारी करने के अधिकार हैं।

### केंद्र सरकार का इमीग्रेशन कानून केवल वर्क परमिट ठेकेदारों के लिए ही

शिक्षाविद डा. अरविंद कादियान ने आरटीआई लगाई थी। उन्होंने इस तरह की आरटीआई प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रदेश के गृह मंत्रालय विदेश मंत्रालय को लगाई थी। उनसे जवाब मांगा गया था। जिसमें पूछा था कि इमीग्रेशन एजेंटों को लाइसेंस जारी करने की क्या आर्हता हैं। किस को लाइसेंस जारी किया जा सकता हैं। राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने अब तक बिना लाइसेंस काम करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की। इसका जबाब राज्य सरकार के पास नहीं था।

### इमीग्रेशन का काम करने वालों के पास संबंधित देश का लाइसेंस हो : कादियान

डा. अरविंद कादियान खुद कनाडा सरकार की इमीग्रेशन एजेंसी से अधिकृत इमग्रिेशन एटार्नी है। उन्होंने इसके लिए पढ़ाई कर परीक्षा दी। उसके बाद वही समय पर अपडेट कोर्स करते रहते हैं। डा. कादियान ने बताया कि जिस तरह से डाक्टर बिना एमसीआई में वकील बिना बार काउंसिल में पंजीयन के प्रैक्टिस नहीं कर सकता हैं। इसी तरह इमीग्रेशन एजेंट बिना संबंधित देश के लाइसेंस के बिना किस तरह अपनी सेवाएं दे सकता हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित देश के विभन्नि हस्सिों में बिना पर्याप्त लाइसेंस के कथित एजेंट काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आईलेट्स कोचिंग सैंटर केवल अंग्रेजी की स्टडी या प्रशिक्षण के लिए हैं ना कि वीजा सर्विसेज के लिए। उन्होंने बताया कि उन्होंने सरकार को जगाने के लिए प्रधानमंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्रियों, विदेश मंत्री को ज्ञापन भेजे हैं। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय इमीग्रेशन संबंधी कानूनों का सख्ती से पालन के लिए राज्य सरकारों को नर्दिेशित करे। राज्य सरकार का तुरंत यह सुनश्चिति करना चाहिए कि बिना संबंधित देश की सरकार से लाइसेंस लिए बिना किसी भी व्यक्ति विशेष को स्टडी वीजा, बिजिटर वीजा तथा अन्य इमीग्रेशन सेवाओं के लिए इजाजत ना दे। इस पर तुरंत रोक लगाई जाए।

### हजारों युवा शिकार हो रहे हैं अनाधिकृत एजेंटों की धोखाधड़ी का

हजारों लाखों नौजवान बिना किसी लाइसेंस के काम करने वालों के शिकार होकर अपना भवष्यि खराब कर रहे हैं। अधिकृत एजेंट अपने बिहाफ पर आवेदन करता हैं। जिसके कारण उसकी जम्मिेदारी तय होती हैं। उन्होंने बताया कि इसके कारण कनाडा ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड यूके यूएसए पुर्तगाल इटली सहित विभन्नि देशों में भारत की छवि खराब हो रही हैं। इसके बाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाई कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर पंजाब हरियाणा तथा केंद्र सरकार को तलब किया। दो दिन पहले हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार ने जवाब पेश नहीं किया। इसके बाद कोर्ट ने 20 दिसंबर तक का समय दिया।

### मतगणना की प्रकिया पूरी होते ही खुशी से उछल पड़े विजेताओं के समर्थक

# बार एसोसिएशन चुनाव: प्रधानगी का ताज संदीप चौधरी के सिर दोबारा सजा

प्रधान बने संदीप चौधरी को 1244 वोट मिले, जबकि उनके प्रतद्विंदी चांदवीर को 479 वोट प्राप्त हुए

- अपने प्रतिनिधियों की जीत पर वकीलों ने जमकर जश्न मनाया
- वकील ढोल की थाप पर थिरकते नजर आए,लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया गया
- नए पदाधिकारियों को फूल मालाओं से लादकर बधाइयां दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** संदीप चौधरी विजयी होने पर खुशी जताते अधिवक्ता फोटो : हरिभूमि

जिला बार एसोसिएशन करनाल का चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। पांच ओहदों के लिए चुनाव हुआ, जिसमें प्रधान, उपप्रधान, सचिव, संयुक्त सचिव व कोषाध्यक्ष के पद शामिल रहे। प्रधानगी का ताज संदीप चौधरी के सिर दोबारा सजा। उपप्रधान गोपाल चौहान, संयुक्त सचिव अमरजीत धानिया, कोषाध्यक्ष मनोज गांधी तथा विकास संधु महासचिव के पद पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहे।

चुनाव परिणामों की जानकारी देते हुए आरओ दलबीर सिंह कंडोला, एआरओ बृजभूषण शर्मा, गुलजार पोल, अभिषेक चौधरी, जितेंद्र वीर सिंह व अनुज गुप्ता ने बताया कि प्रधान बने संदीप चौधरी को 1244 वोट मिले, जबकि उनके प्रतद्विंदी चांदवीर को 479 वोट मिले। उपप्रधान बने गोपाल चौहान को 587 वोट मिले, जबकि दूसरे नंबर पर रहे हरीश आर्य को 452 वोट मिले। इसी प्रकार महासचिव बने विकास संधु को 733 वोट मिले, जबकि दूसरे नंबर पर रहे नवीन राणा को 540 वोट प्राप्त हुए। संयुक्त सचिव के पद पर जीत दर्ज करते हुए अमरजीत धानिया ने 1023 वोट प्राप्त किए। दूसरे नंबर पर रही कवत्तिा दत्त को 672 वोट मिले। अपने प्रतिनिधियों की जीत पर वकीलों ने जमकर जश्न मनाया। वकील ढोल की थाप पर थिरकते नजर आए। लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया गया। नए पदाधिकारियों को फूल मालाओं से लादकर बधाइयां दी।



**करनाल।** लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते हुए एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

## 22 व 23 को हर्षोल्लास के साथ मनेगा जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव

- एडीसी ने गीता जयंती महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अतिरिक्ति उपायुक्त एवं गीता जयंती महोत्सव की जिला नोडल अधिकारी डॉ. वैशाली शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला में 22 व 23 दिसंबर को डॉ. मंगल सैन ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-नर्दिेश दिए। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम गीता महोत्सव से जुड़े होने चाहिए और उनकी गुणवत्ता बनाए रखें। ज्यादा से ज्यादा सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लेकर सुंदर व मनमोहक शोभा यात्रा निकाली जाए। उन्होंने शोभा यात्रा के लिए एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, श्लोक उच्चारण व्यवस्था के लिए नगराधीश अमन कुमार, प्रदर्शनी के लिए घरौंडा एसडीएम अतिदि तथा तीर्थों पर दीप दान करवाने की व्यवस्था की जम्मिेदारी जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार को सौंपी गई है। कहा कि इंटरनेट व्यवस्था के लिए डीआईओ महिपाल सीकरी तथा कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार व निमंत्रण कार्ड भिजवाने की जिम्मेदारी जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी मनोज कौशिक की रहेगी।




## विस्तार कार्यक्रम की सफलता के लिए निगरानी एवं मूल्यांकन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी/करनाल

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में आज विस्तार कार्यक्रम की निगरानी एवं मूल्यांकन विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डा. रमेश कुमार गोयल, निदेशक रिसर्च, महाराणा प्रताप बागवानी वश्विवद्यािलय, करनाल ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विस्तार कार्यक्रमों के माध्यम से विभन्नि जानकारियों को किसानों तक पंहुचाया जाता है ताकि कृषक ज्यादा बेहतर तरीके से खेती कर सकें। किसी भी विस्तार कार्यक्रम को प्रभावी तरिके से लागू करने के लिए उसकी निगरानी करना आवश्यक है। निगरानी के माध्यम से वस्तिार कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्राप्त करने में आसानी होती है जबकि विस्तार कार्यक्रम आयोजित करने के पश्चात उसका मूल्यांकन किया जाता है ताकि यह जाना जा सके कि कार्यक्रम कितना सफल रहा है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से विस्तार अधिकारियों को बेहतर तरीके से विस्तार कार्यक्रमों को लागू करने में मदद मिलेगी।

संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डा. संजय कुमार ने बताया कि यह संस्थान वाईस-चांसलर प्रोफेसर बी. आर. कांबोज, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के नेतृत्व में उत्तर भारत के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि, उद्यान, पशु-पालन, मत्स्य पालन, वानिकी, महिला एवं बाल विकास इत्यादि विभागों के वस्तिार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है। वत्तीय सहयोग के लिए उन्होंने वस्तिार निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का भी धन्यवाद किया।

## पुण्यतिथि पर सरदार बल्लभभाई पटेल को किया नमन

- विद्यार्थियों को देशहित में पटेल द्वारा दिए योगदान को बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



भारत विकास परिषद्, शाखा घरौंडा द्वारा एकता के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की पुण्य तिथि पर राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला नंबर 1 सरकारी स्कूल घरौंडा में पढ़ने वाले जरूरतमंद वद्यिार्थियों को ठंड के मौसम से बचाव के लिए निःशुल्क जूते (शूज) वितरण कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता और स्वामी विवेकानन्द की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके एवं राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम्-से किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग कनष्कि गुप्ता टऊ लिबर्टी ट्रेंड्स घरौंडा एवं नगरपालिका पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सिंगला जी का रहा स्कूल अध्यापकगण द्वारा शाखा का स्वागत किया गया। शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला एवं नपा पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सिंगला जी तथा स्कूल प्रधानाचार्य महोदया श्रीमती सरिता क्वात्रा की गरिमामई उपस्तिथि में 65 जरूरतमंद बच्चों को जूते वितरित किए गए इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ग्रहण करने वाला प्रत्येक वद्यिार्थी देश का भवष्यि है विद्यार्थी को अपने जीवन में मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए तथा सामाजिक संस्थाओं का दायत्वि बनता है कि जरूरतमंद वद्यिार्थियों को अगर किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होती है तो सामाजिक संस्थाओं को आगे आकर वद्यि सुरेन्द्र सिंगला ने अपने वक्तव्य में परिषद् द्वारा किए इस नेक कार्य की अतुलनीय प्रशंसा की और कहा की शाखा कि वह हर समय शाखा का सहयोग करने के लिए तैयार है तदोपरांत स्कूल प्रधानाचार्य ने शाखा की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि शाखा द्वारा पहले भी कई कार्य स्कूल में किए गए है जो अत्यंत सराहनीय कार्य रहे है शाखा सचिव कपिल धीमान ने मंच का संचालन करते हुए स्कूल प्रधानाचार्य सभी का धन्यवाद किया।

### एसडीएम कार्यालय में पिकाड़ली शूगर मिल द्वारा गन्ना खरीद को लेकर मींटिग की

इंद्री। गन्ना संघर्ष समिति पिकाडली शुगर मिल भादसों के सदस्यों की मीटिंग एसडीएम कार्यालय इंद्री में हुई । जिसमें मुख्य रूप से इंद्री के एसडीएम अशोक कुमार, मिल प्रबंधन की तरफ से केन मैनेजर कर्म सिंह व गन्ना संघर्ष समिति प्रधान रामपाल चहल मौजूद रहे । इस मौके पर समिति प्रधान रामपाल चहल ने इंद्री के एसडीएम के सामने मिल प्रबंधन द्वारा मिल में आउट एरिया के गन्ने पर रोक लगवाने, मिल में जरूरी सुविधाएं मुहईया करवाने,गन्ने का भुगतान समय पर करवाने, आदि मांगों को रखा । किसानो की समस्याओं को सुनने के बाद एसडीएम ने मिल प्रशासन की ओर से आए केन मैनेजर को नर्दिेश दिए कि मिल में शीघ्र किसानों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए और आउट एरिया का गन्ना बंद करवाया जाए । जिस पर केन मैनेजर कर्म सिंह ने दो दिन का समय मांगा कि किसानो कर समस्याओं को दो दिन मे हल करवा दिया जाएगा ।



**इंद्री।** एसडीएम कार्यालय इंद्री मे एसडीएम के साथ मिंटिग करते किसान ।

## समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का मिल रहा लाभ : योगेन्द्र



**करनाल।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में गांव शाहपुर में पहुंचे भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से व्यवस्था परिवर्तन का दौर देश व प्रदेश में चला है उसी का परिणाम है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में बोलते हुए जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि इस यात्रा का मकसद केवल समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं को पहुंचना है ताकि जो व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित रह गए हैं उन व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके कार्यक्रम में गांव डबरी में आयुष्मान योजना के तहत ईशम सिंह सिंह व सावत्रिी देवी ने और इसी प्रकार गांव शाहपुर हर्षाली देवी के सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपने विचार रखें इसी प्रकार कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना के तहत गांव डबरी की सीमा देवी निकिता देवी व सीमा व गांव शाहपुर की पूनम देवी मुफ्त गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए इसके अलावा गांव शाहपुर में मौके पर ही नीरेश कुमार शिमला देवी वह सतीश कुमार के बीपीएल राशन कार्ड भी बनाए गए। इस मौके पर डबरी में भाजपा के जिला महामंत्री प्रमोद नागपाल भाजपा के वरष्ठि नेता अश्वनी गोयल, बीडीपीओ कुंवारी मोनिका, गांव के सरपंच सुरेश पाल व गांव शाहपुर के सरपंच चंद्रभान सहित गांव की गण मान्य मौजूद रहे।

## कर्मचारियों की मांगों को नहीं सुन रही सरकार

- कर्मचारियों ने हरियाणा कर्मचारी असेंबली का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा विधानसभा सत्र की तर्ज पर जिले के सरकारी विभागों के नियमित व अनियमित कर्मचारियों ने सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले जिला मुख्यालय पर हरियाणा कर्मचारी असेंबली का आयोजन किया। इस कर्मचारी सत्र के अध्यक्ष एसकेएस के जिला प्रधान सुशील गुर्जर सिरसी रहे। इस मौके पर जिला प्रधान सुशील गुर्जर सिरसी व सचिव सेवा राम ने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ निरंतर आंदोलनों व ज्ञापनों के माध्यम से कर्मचारियों वा जनता की मांग सरकार तक पहुंचा रहा है। इसके बावजूद सरकार कर संघ की बात सुनने को तैयार नही है। अब सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने नर्णिय लिया है कि 15 और 18 दिसंबर को विधान सभा सेशन के तर्ज पर जिला मुख्यालय पर कर्मचारी सेशन चलाया गया है। शुभारंभ प्रदेश महासचिव नरेश द्वारा किया गया। कर्मचारियों के सत्र के दौरान प्रस्ताव पेश किए गए। इन प्रस्तावों की प्रतियां विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष, हरियाणा विधानसभा व राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपी गई। एसकेएस के परदेश महासचिव नरेश ने कहा हरियाणा सरकार कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को चार साल से नहीं सुन रही। असेंबली के पहले दिन पुरानी पेंशन व विभागों के निजीकरण मुद्दे को लेकर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान ओमप्रकाश सिहमार व उधम सिंह राठी ने सवालों के जवाब दिए।

### हरियाणा पुलिस अकादमी में एचआईवी एड्स के प्रति किय जागरूक

# नागरिकों को जागरूक करना हम सब की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा पुलिस अकादमी में ह्यएचआईवी एड्स जागरूकता अभियानह्न के तहत आज मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। 01 से 15 दिसम्बर तक एचआईवी एड्स जागरूकता अभियानह्न चलाया गया। वश्वि एड्स दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम के साथ आरंभ हुए इस जागरूकता अभियान का आज मैराथन दौड़ के साथ समापन हुआ। इस अभियान के तहत विभन्नि कार्यक्रम आयोजित किए गए। अकादमी की पुलिस महानिरीक्षक डॉ राजश्री सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर मैराथन दौड़ को रवाना किया। मैराथन दौड़ में अकादमी के प्रशिक्षणार्थियों व प्रशिक्षिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ राजश्री सिंह ने मैराथन दौड़ में भागीदारों को संबोधित करते हुए कहा कि एक वर्दीधारी होने के नाते देश के नागरिकों को जागरूक करने की जम्मिेदारी भी हमारी है। हमें स्वयं जागरूक होकर अपने परिवार तथा समाज को भी जागरूक करना होगा। इस अभियान से आपने और हमने बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने अभियान में अकादमी के प्रशिक्षणार्थियों व प्रशिक्षकों के अमूल्य योगदान के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि एक पुलिसकर्मी के साथ-साथ हमें एक इंसान होने के नाते इस प्रकार के संक्रमणों से फैलने वाली बीमारियों से बचाव के प्रचार-प्रसार में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस मैराथन दौड़ में रैक्रूट सिपाही उत्कर्ष ने प्रथम, सचिन ने द्वितीय, प्रवीन ने तृतीय, सुमित ने चतुर्थ तथा रिंकू ने पांचवा स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर अकादमी के पुलिस उप-अधीक्षक प्रदीप कुमार तथा अकादमी स्टाफ उपस्थित रहा।






**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी में ह्यएचआईवी एड्स जागरूकता अभियान के तहत आयोजित मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाती हुई अकादमी की आइजी डॉ राजश्री सिंह व मैराथन दौड़ में भाग लेते प्रशिक्षणार्थी व प्रशिक्षिक।

## खबर संक्षेप

### आर्य कॉलेज में आज होगा क्रिकेट मैच

**पानीपत।** शनिवार को आर्य पीजी कॉलेज में शक्षिक व गैर शक्षिक वर्ग के मध्य क्रिकेट का मैच खेला जाएगा। कॉलेज प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रिकेट मैच का आयोजन कॉलेज के स्पॉटस कॉम्पलेक्स में किया जाएगा। यह मैच 20-20 ओवर का होगा। डॉ.गुप्ता ने कहा कि यह एक मैच मैत्रीपूर्ण मैच होगा। उन्होंने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। खेल हमारे शरीर को तो स्वस्थ रखते ही हैं साथ ही व्यक्ति के अंदर भाईचारे की भावना को भी उत्पन्न करते हैं।

### गीता महोत्सव में बच्चों ने गीता संदेश प्रस्तुत किया

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 कार्यक्रम के तहत जिला के विभिन्न स्कूलों के सैंकड़ों बच्चों ने जिलास्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से गीता पर अपने मनोभाव प्रस्तुत किए। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जीटी रोड में शिक्षा विभाग की तरफ से गीता महोत्सव 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा ने की। प्रतियोगिताओं की शुरुआत करते हुए डिप्टी डीईओ पानीपत अनिता डागर ने बताया कि गीता महोत्सव में बच्चों ने गीता संदेश को प्रस्तुत किया।

### सेना में चयन होने पर अंकित का स्कूल में हुआ स्वागत

**पानीपत।** किंडर किंग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मॉडल टाउन के विद्यार्थी का भारतीय सेवा में चयन होने पर उनका आज का विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रिंसिपल नीलम नारंग ने भारतीय सेवा में चयनित विद्यालय के छात्र अंकित धौंचक का स्वागत करते हुए बताया कि उनकी बहन प्रीति धौंचक भी भारतीय सेना में कैप्टन के पद पर कार्यरत है। वह भी इसी स्कूल की छात्रा रही है।

### गुरुद्वारा नानक दरबार में सहज पाठ आरंभ

**समालखा।** गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब माडल टाउन में श्री रामलुमाया की तरफ से सहज पाठ साहिब आरम्भ करवाए गए। गुरमुख सिंह ने गुरु श्री ग्रंथ साहिब जी के चरणों में अरदास करके श्री सहज पाठ साहिब आरम्भ किए। इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने कहा की रामलुभाया परिवार की तरफ से 12 साल से स्वर्गीय माया देवी जी की याद में पाठ साहिब करवाए जाते हैं। श्री सहजपाठ साहिब के भोग 29 दिसम्बर को पाये जाएंगे। वहीं 7 गुरबाणी किर्तन गायन होगा।

### मोदी का संकल्प ही मोदी की गारंटी : डा.अर्चना

**पानीपत।** मोदी का एक ही स्वप्न है भारत माता का सिर ऊंचा दुनिया भर हो। दुनिया भारत भारत की विरासत तथा संस्कृति का लोहा माने। ये यात्रा पीएम मोदी शुरू कर चुके हैं। आज पूरा संसार मोदी का नेतृत्व मान रहा है। ये शब्द जिला भाजपा अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता ने राणा माजरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए कहे। डा.अर्चना गुप्ता ने कहा की आज पीएम मोदी भारत को आर्थिक, संस्कृति तथा सामरिक तौर पर मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने लोगों को सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक तथा चीन का लद्दाख में पीछे हटने के बारे में बताया।

### धुंध में दुर्घटनाएं रोकने को सावधानी से चलाएं वाहन

**पानीपत।** जिला पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत द्वारा सर्दी के मौसम में पड़ने वाले कोहरे व धुंध के दौरान जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बाबरपुर ट्रैफिक थाना प्रभारी सहित जिला के सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों को अपने-अपने क्षेत्र में सावधानी के साथ वाहन चालकों को ट्रैफिक के नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। नागरिकों को धुंध के मौसम में कम दृश्यता के कारण किसी प्रकार का कोई नुकसान व दुर्घटना न होने पाये इसके लिए जिला ट्रैफिक पुलिस छोटे.बड़े निजी और कमर्शियल वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने का भी लगातार काम कर रही है।

## सीएचसी के निर्माण कार्य की एक भी ईंट नहीं लगी

# दादा पोते के लगाए गए आधारशिला के पत्थर बन रहे मूकदर्शक, लोग उड़ा रहे मजाक

इसराना हल्का वासियों को आज भी आशा है कि कोई तो इसका निर्माण कार्य शुरू करवाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इसराना

निर्माण प्रक्रिया के दौरान स्थापित किया गया पहला पत्थर या ईंट जो नींव पर रखी जाती है उसे आधारशिला कहते हैं। विकास कार्यों की आधारशिला विधायक से लेकर मंत्री ओर मुख्यमंत्री आदि प्रतिनिधियों द्वारा रखी जाती है। जिससे जन.मानस को आने वाले समय में इसका लाभ मिल सके। सरकारी भवन निर्माण किया जा सके। इसराना में दादा पोता द्वारा रखी दो आधारशिला जो मुकदर्शक बन जनता के मजाक का कारण बनी हुई हैं। बता दें कि इसराना में पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने थाना के पास 10 फरवरी 2003 में सीएचसी की आधारशिला रखी थी। 20 साल बीतने के बाद आज भी आधारशिला ही खड़ी हुई नजर आ रही है। सीएचसी के निर्माण कार्य की एक भी ईंट नहीं लगी। जबकि इसराना हल्का वासियों को आज भी आशा है कि कोई तो इसका निर्माण कार्य शुरू करवाएगा। वहीं भाजपा-जेजेपी गठबंधन सरकार में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने 26 जून 2021 को इसराना में जन नायक देवीलाल माडर्न कॉलोनी की आधारशिला रखी थी पर ढाई साल बीतने के बाद भी माडर्न कालोनी के साथ दोनों ही सफेद हाथी नजर आ रहे हैं।




**इसराना।** ओपी चौटाला द्वारा रखी गई सीएचसी की आधारशिला व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा रखी गई जन नायक देवीलाल माडर्न कॉलोनी की आधारशिला।

### जमीन देने के बाद भी काम नहीं हुआ



वहीं सुरेश सैनी ने बताया कि जनता का पैसा सरकार जनता के ऊपर सही से भी खर्च नहीं कर सकती। जो अस्पताल 20 साल पहले 5 करोड़ रुपयों से तैयार होना था आज उस पर 50 करोड़ खर्च होंगे। जब ग्राम पंचायत इसराना ने जमीन दे दी थी उसके बाद भी काम नहीं हुआ।

### विधायक व मंत्री ही नहीं चाहते विकास हो



राकेश सरोहा ने कहा कि विधायक और मंत्री ही नहीं चाहते इसराना का विकास हो। बीस साल से अस्पताल नहीं बना। गांव डाहर में दस साल हो गए महिला कालेज का काम शुरू नहीं हुआ जबकि ग्राम पंचायत अपने खर्च पर बनवाना चाहती है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य की कोई कमी न रहे



क्या कहते हैं पूर्व मंत्री बिजेंद्र कादियान उर्फ बल्लिू ने बताया की ग्राम महाविद्यालय इसराना की आधारशिला स्वर्गीय देवीलाल ने 19 जनवरी 1991 में रखी थी। हमने हरियाणा विकास पार्टी की सरकार बनी तो इस राजकीय महाविद्यालय का निमार्ण करवाया ओर कालेज शुरू करवाया था। बिजेंद्र कादियान ने बताया जवाहर नवोदय विद्यालय नौल्था में शुरू करवाया था। इसके साथ-साथ एन सी कॉलेज को चालू करवाने में मदद की। बिजेंद्र कादियान ने बताया कि मेरा मकसद था हल्का में शिक्षा और स्वास्थ की कोई कमी न रहे। प्रसन्नी देवी यहां से विधायक बनी पर उन्होंने इसराना में सीएचसी बने ये नहीं चाहा।

### विकास कार्यों की बड़ी अनदेखी हो रही

जबर्दस्त जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलबीर जागलान ने बताया कि इसराना में विकास कार्यों की बड़ी अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा कोई भी नेता आता है आधारशिला रख जाता है। 20 साल पहले इसराना में ओमप्रकाश चौटाला ने सीएचसी की आधारशिला रखी थी ओर ढाई साल पहले उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कॉलोनी की नींव रखी थी। कोई काम नहीं हुआ इसराना की पूरी तरह से अनदेखी हो रही है।

### कार्य शीघ्र शुरू कराने की बात कही थी



वहीं जेजेपी के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच सुरेन्द्र धौला ने बताया की उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला इसराना में एक निजि कार्यक्रम में आये हुए थे उस समय उनसे इस बारे में विचार-विमर्श हुआ था। जिन्होंने दोनों ही कार्य शीघ्र शुरू कराने की बात कही थी।

### सरकारी अस्पताल की अवश्यकता



संजय शास्त्री ने बताया कि आधारशिला रखने के बाद अक्सर सरकार बदल जाती है। शिलान्यास जनता के लिए सफेद हाथी या कोरी घोषणा और कल्पना बनी रहती है। इसराना में अब सरकारी अस्पताल की अवश्यकता है। इस पर काम शुरू होना चाहिए ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके।



**पानीपत।** जिला बार एसोसिएशन का प्रधान बनने पर अमित कादियान को कंधों पर उठाए हुए साथी वकील। *फोटो: हरिभूमि*

# अमित के सिर सजा जिला बार एसोसिएशन का ताज

- बबीता कादियान कोषाध्यक्ष व सचिव बने आशीष बंसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में दूसरी बार 829 मत लेकर अमित कादियान एडवोकेट प्रधान चुने गए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी वीरेंद्र मलिक एवं रजनीश त्रेहन एडवोकेट को पराजित किया। वहीं उप प्रधान हर्ष सैनी एडवोकेट चुने गए। जबकि सचिव आशीष बंसल एडवोकेट व संयुक्त सचिव दिनेश कुमार रोहिल्ला एडवोकेट एवं कोषाध्यक्ष बबीता कादियान एडवोकेट चुनी गई। दोबारा प्रधान बने अमित कादियान का वकील साथियों ने फूल माला डालकर जोरदार स्वागत किया व कंधों पर बैठाकर तथा मिठाई खिलाकर जीत का जशन मनाया। वहीं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भी उनके समर्थक वकीलों द्वारा स्वागत किया किया गया। वहीं बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए प्रधान बने अमित कादियान ने कहा कि वह वकीलों की बेहतरी के लिए पिछले कार्यकाल से भी बढक़र काम करेंगे सभी को साथ लेकर चलेंगे।

### सेल्फी प्वाईंट पर फोटो खिंचवाने के लिए क्रेजी हुए बच्चे और युवा

**कुरूक्षेत्र।** सोशल मीडिया के युग में सेल्फी के लिये हमेशा क्रेजी रहने वाले बच्चों और युवाओं सहित हर उम्र के लोगों लिए अच्छी खबर है। अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के चारों ओर सेल्फी पॉइंट बने हुए है और महोत्सव में आने वाले पर्यटक सेल्फी लेने के अपने शौक को पूरा कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर परिसर में पुरषोतमपुरा बाग स्थित भगवान श्री कृष्ण अर्जुन रथ सबसे बड़ा सेल्फी पॉइंट है, जहां हर समय दर्जनों पर्यटक सेल्फी ले रहे होते है। भगवान श्री कृष्ण के इस रथ के साथ चार घोड़े जुड़े है और श्री कृष्ण रथ पर मौजूद अर्जुन को गीता का उपदेश देते हुए दिखाए गए है। इस पूरे स्थल को महाभारत ग्रंथ के दृश्यों को ध्यान में रख कर बनाया गया है।

# जैन स्थानक में हुआ वैरागण बहन का तिलक समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

जैन संत आचार्य श्री सुभद्र मुनि जी महाराज के श्री चरणों में 22 फरवरी 2024 को वैरागण बहन अंशी जैन की भागवती दीक्षा पानीपत गांधी मंडी में होगी। दीक्षा से पहले होने वाली रस्म तिलक समारोह समालखा श्री संघ के प्रधान वीर प्रकाश जैन एवं महामंत्री अनुराग जैन तथा कोषाध्यक्ष पवन जैन व मैनेजर इतेंद्र जैन की अध्यक्षता में एवं महासाध्वी ज्ञान प्रभा जी महाराज एवं महासाध्वी मधुबाला जी महाराज के चरणों में वैरागन संन्यासी बहन का तिलक समारोह आज शुक्रवार को नई जैन स्थानक भटनागर गली में सम्पन हुआ। इस सभा के बीच मे वेरागण अंशी जैन ने अपने भावों को प्रकट किया और बताया कि मैं संयम मार्ग पर अपने हर कदम को अड़ोल और अकंप रखूंगी और कैलाश वाटिका का महकता हुआ फूल बनूंगी। साध्वी ज्ञान प्रभा जी महाराज ने भी कहा की संयम का मार्ग कोई आसान मार्ग नहीं है। संयम का मार्ग तो वह मार्ग है जो मोम के दांतों से लोहे के चने चबाने के समान समझ गया है। इस समारोह में पानीपत, महावटी,देहरा, गुज्जर खेड़ी एवं राजपुरा। इस दौरान कैलाश जैन, ईश्वर जैन, धर्मपाल, प्रमोद, भूषण बंसल, संजय मत्तिल, शिक्षा, रजनी, सुमन जैन, प्राची व सारिका आदि मौजूद रहे।



वैरागण बहन अंशी जैन की भागवती दीक्षा समारोह का दृश्य।

### संसद में की गई सेंधमारी की कड़े शब्दों में निंदा की

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करपशन एण्ड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाइजेशन की एक बैठक आज लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। जिसमें संसद में की गई सेंधमारी की कड़े शब्दों में निंदा की गई। यशपाल मलिक ने कहा कि इस मामले में विरोधियों के षडयंत्र की भू आ रही है। विरोधियों को पीएम मोदी की दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही लोकप्रियता हजम नहीं हो रही है। इस अवसर पर दीपक मत्तिल, राजपाल कश्यप एडवोकेट, मांगेराम मलिक, देवेन्द्र राणा एडवोकेट, परमजीत जागलान, दिनेश शर्मा कुराना, स.जगजीत सिंह, संतराम, संदीप शर्मा, स.कंवल जीत सिंह,प्रवीण कुमार, बलकार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित


- जो जीवन में नया सोचता है कामयाबी उसके कदम चूमती है : सतीश कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

एस डी विद्यस मंदिर हुडा में स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सह.संगठक स्वदेशी जागरण मंच सतीश कुमार रहे। विशेष सहयोग अखिल भारतीय कोष प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच बलराम नंदवानी रहे। अध्यक्षता एसडी एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान अनूप कुमार ने की। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच कार्यकर्ता महेश थरेजा, चंद्रशेखर, विभाग संगठक कुलदीप पूनिया, स्थानीय टीम से विपिन सरदाना, पंकज सेठी, वक्रिम चावला, नितिन समेत अध्यापकों और छात्र.छात्राओं ने कार्यक्रम में शिरकत की। मेहमानों का स्वागत प्रधान अनूप कुमार, सचिव तुलसी सिंगला, प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा और प्राचार्य डॉ.अन्नू गुप्ता ने फूल रोपित गमला भेंट कर किया। आज की संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य वद्यिार्थियों को आत्मनर्भिर एवं स्वरोजगार के माध्यम से स्वावलंबी बनाना रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रधान अनूप कुमार, सचिव तुलसी सिंगला, प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, प्राचार्य डॉ अनु गुप्ता और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सतीश कुमार को शाल भेंट कर सम्मानित किया।



**पानीपत।** एस.डी.वद्यिा मंदिर में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण। *फोटो: हरिभूमि*



# दयाल सिंह स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**पानीपत।** सेक्टर 13-17 स्थित दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में आज डिपार्टमेंट आफ साईंस एंड टेक्नोलोजी और चंडीगढ. यूनिवर्सिटी की ओर से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ.संजीत सिंह प्रोग्राम कोर्डिनेटर, चंडीगढ यूनिवर्सिटी की अध्यक्षता में किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपने आस-पास हो रहे विज्ञान क्रिया-कलापों की उपस्थिति का अनुभव एवं, ज्ञान कराना और आज के विद्यार्थी को विज्ञान के प्रयोग एवं रहस्यों को जानने के लिए प्रेरित करना रहा। इसमें कक्षा दसवीं और बारहवीं के लगभग 150 बच्चों ने ज्ञान अर्जित किया। इस प्रदर्शनी में आए वैज्ञानिकों ने मानव जीवन में प्रयोग होने वाली तकनीकी का प्रदर्शन किया। वैज्ञानिकों ने बच्चों को प्रत्येक प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बच्चों ने भी उन्हें उत्साहपूर्वक व ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका डॉ.नीलम वत्स, विज्ञान विभाग के अध्यापक अशोक आर्य व राकेश सलूजा आदि मौजूद रहे।

# आईबी कालेज ने जीते मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आईबी स्नातकोत्तर महावद्यिालय के विद्यार्थियों ने इंटर कॉलेज खेलों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। यह प्रतियोगिताएं कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में हुई। महावद्यिालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ.राजेश कुमार ने बताया कि महाविद्यालय के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र अंशुल ने इंटर कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र में हुई में ब्रॉन्ज मेडल जीता तथा बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी जयकिशन ने ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल तथा अंशुल ने ताइक्वांडो इंटर कॉलेज में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर महाविद्यालय का मान बढ़ाया। डॉ.राजेश ने यह भी बताया कि खिलाड़ी जयकिशन अब नॉर्थ ईस्ट जोन तथा ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित होगा तथा वहां भी पदक जीतकर महावद्यिालय तथा पूरे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व प्रदेश का नाम रोशन करेगा। विजेता खिलाड़ियों के महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग एवं प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के अच्छे प्रदर्शन के लिए आशीर्वाद दिया। डॉ. रामेश्वर दास, प्रो.सुरेंद्र, लिपिक ममता एवं मदन मौजूद रहे।



विजेता विद्यार्थी मेडल व प्राचार्य डा.अजय गर्ग के साथ।

# पीएम की गारंटी से बनी तीन राज्यों में सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



जगबीर आर्य।

तीन राज्यों में भाजपा सरकार पीएम मोदी के कार्यों की बदौलत ही बनी है। यह बात हरियाणा भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य जगबीर आर्य ने आज अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। जगबीर आर्य ने कहा कि पीएम मोदी के जो कार्य हैं और जिस तरह से उन्होंने अपनी पैठ गरीबों के बीच बनायी है। अब प्रो.इनकम्बेन्सी फैक्टर उभर कर आया है। सबसे बड़ी बात ये है कि गरीब जो हैं आज पीएम मोदी से खुद को जोड़ रहे हैं। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं उस तक पहुंच रही हैं। जिस तरह सरकार ने पांच साल के लिए अनाज वाली योजना बढ़ा दी है। यह अपने आप में बहुत बड़ा काम है। इसके अलावा जो गरीबों के लिए योजनाएं चल रही हैं। उसने भी बहुत काम किया है। भाजपा नेता जगबीर आर्य ने कहा कि बहुत बार बहुत नेताओं ने वादे किए जो पूरे नहीं कर पाए। पीएम मोदी ने जो भी वादे किए, वह पूरे किए हैं। गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए भी किया। पूरी दुनिया देख रही है अगर वह शांति की, विकास की बातें करते हैं, आतंकवाद के खिलाफ बोलते हैं, तो बल्किुल वैसा ही होता है।

## न्यायाधीश सुदेश शर्मा ने किया व्यायाम के लिए प्रेरित

# जिला कारागार में ओपन जिम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

जिला कारागार में शुक्रवार को कैदियों व स्टाफ के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए ओपन जिम का शुभारंभ किया गया। जमना ऑटो इंडस्ट्री ने यहां सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सीएसआर के तहत शारीरिक व्यायाम करने की मशीनें लगाईं। जिम का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा ने किया।

उन्होंने स्वयं मशीनों पर न केवल व्यायाम किया बल्कि सभी को शारीरिक व्यायाम करने के लिए प्रेरित भी किया। कंपनी की सीएसआर प्रमुख संयम मराठा ने कहा कि हरियाणा की छह जेलों में स्किल ट्रेनिंग, खेल,, स्वास्थ्य, पर्यावरण, मानसिक स्वास्थ्य पर काम किया जा रहा है। कैदियों का जीवन सार्थक करने की पहल है। इससे पहले रेडियो स्टेशन बनाया गया था। जिससे बंदियों की प्रतिभा सामने आई थी। इस अवसर पर एडीजे डॉ.नरेश कुमार सिंगल, सीजेएम प्रतीक जैन भी मौजूद रहे।



**पानीपत।** ओपन जिम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश शर्मा व्यायाम करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

# भाजपा राज में घर बैठे मिल रही सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

भारत विकसित संकल्प यात्रा आज गांव हड़ताड़ी पहुंची। जिसमें पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा मौजूद रहे। यात्रा के दौरान उन्होंने लगाए गए सभी सरकारी योजनाओं के स्टालों का निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। गांव में परिवार पहचान पत्र से संबंधित 45, बिजली से संबंधित 30, स्वास्थ्य विभाग संबंधित 26, पेंशन से संबंधित 14 ,जन स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 2, खेती.बाड़ी से संबंधित 18, पशुपालन विभाग से संबंधित 18, पंचायती विभाग से संबंधित 3, फूड सप्लाई से संबंधित 12 समस्याएं प्राप्त हुई। जिनमें ज्यादातर का समाधान मौके पर ही करा दिया गया। यहां पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए हरपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सरकारी योजनाओं द्वारा जनता को कई प्रकार के लाभ पहुंचाए जा रहे हैं। भारत विकसित संकल्प यात्रा का मकसद सभी सरकारी योजनाओं का अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। पूर्व की सरकारों में जहां जनता को अपने कार्य करने के लिए एवं सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे। वहीं इस यात्रा के माध्यम से भाजपा सरकार लोगों को घर बैठे सरकारी सुविधाओं का लाभ पहुंचा रही है।



**पानीपत।** गांव हड़ताड़ी में हरपाल ढांडा को सम्मानित करते ग्रामीण।

